# प्रादेशिक समाचार
## 30.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज रात नौ बजकर 58 मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। ये उपग्रह कक्षा में अंतरिक्ष यानों की डॉकिंग–अनडॉकिंग यानि जोडने और अलग करने की प्रक्रिया दर्शायेंगे। प्रक्षेपण यान पीएसएलवी–सी 60 इन दोनों उपग्रह–एसडीएक्स–01 और एसडीएक्स–02 को 476 किलोमीटर की तृतीय कक्षा में स्थापित करेगा और स्पेस डॉकिंग की प्रायोगिक प्रक्रिया पूरी करेगा।

******************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आगामी आम बजट–2025–26 के मद्देनजर आज नई दिल्ली में पांचवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वित्त, निवेश और सार्वजनिक परिसम्पत्ति प्रबंधन, आर्थिक कार्य सहित कई विभागों के सचिव, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

******************

रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में आज सुबह बैंक में पैसा जमा करने जा रहे आटा कंपनी के व्यक्ति से अपराधियों ने 13 लाख रूपये लूट लिए। बीचबचाव करने आये एक युवा सुमित कुमार को अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल भी कर दिया। उसे मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में कर रही है।

******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की कानून व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि झारखंड में प्रतिदिन औसतन 5 लोगों की हत्या हो रही है। श्री मरांडी ने एससीआरबी के आंकड़े का हवाला देते हुए कहा है कि इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक के बीच एक हजार चार सौ लोगों की हत्या की जा चुकी है। श्री मरांडी ने कहा कि विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना राज्य सरकार की जिम्मेवारी है लेकिन मुख्यमंत्री नागरिकों की सुरक्षा में बुरी तरह विफल साबित हो रहे हैं।

******************

लातेहार जिले के किसान समेकित खेती की ओर रुख कर रहे हैं और अपना आर्थिक सशक्तीकरण कर रहे हैं।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में नए साल के स्वागत को लेकर लोगों में उत्साह है। जगह–जगह जश्न मनाने की तैयारी हो रही है। इसे लेकर विभिन्न पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने लोगों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन अवश्य करें।

******************

उधर, हजारीबाग जिले में भी विभिन्न पिकनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि पहली जनवरी के जश्न को लेकर सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है।

******************

इधर, बाबानगरी देवघर में भी 31 दिसंबर और एक जनवरी को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बाबा बैजनाथ मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुलभ जलार्पण की सुविधा प्रदान करने के लिए कई कदम उठाये गये हैं।

******************

पाकुड़ जिलें ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विशेष पहल शुरु की गयी है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने लोगों को जाम से निजात दिलाने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए की जा रही पहलों की जानकारी दी।

**********समाप्त********